ट्रैफिक सिग्नल की दो दर्जन बैट्री चोरी

माजन मोड़ एवं पुराना यातायात चौराहा बैढ़न का मामला, रिपोर्ट लेने से कोतवाली पुलिस ने किया इंकार

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 5 मई। शहर के कबाड़ी अब सरकारी सामग्रियों को निशाना बना रहे हैं। पिछले दिनों जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर परिसर से लोहे की जाली चोरी कर ले गये थे। वहीं अब दो स्थानों में लगे ट्रैफिक सिंग्नल के सोलर बैटरियों को ही पार कर दिये। बैटरियों की संख्या करीब दो दर्जन है। करीब 12 से 15 फीट ऊचाई पर लगे बैटरियों को चोरी हो जाने पर कोतवाली पुलिस की लुंजपुंज व्यवस्था पर तरह-तरह के सवाल खड़े किये जाने लगे।

गौरतलब है कि कोतवाली क्षेत्र बैढ़न में कबाड़ चोरों का बोलबाला है। बलियरी से लेकर चन्द्रमा टोला, कचनी समेत कई स्थानों पर अवैध रूप से कबाड़ की दुकाने द्रुत गति से चल रही है। इनपर अंकुश लगाने

के बदले पुलिस का संरक्षण है। कोतवाली पुलिस भले ही कितना भी दावा करे कि कबाड़ियों पर शिंकजा कसा जा रहा है और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगा हुआ है, परंतु सच्चाई इससे उलट है। एक ओर जहां अभी बैंक ऑफ महाराष्ट्र में पिछले माह 17 अप्रैल को दिनदहाड़े हुये डकैती के मामले में एसपी से लेकर कोतवाली पुलिस की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े किये जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर परिसर से दर्जनों भर नाली की जाली चोरी होने और रिपोर्ट दर्ज न करने पर मामला चर्चा में है। इधर जिला अस्पताल लोहे की जाली का मामला अभी ठण्डा नही पड़ा था कि ट्रैफिक सिंग्नल की सोलर बैटरियां चोरी हो जाने का सनसनीखेज मामला सामने आने पर कोतवाली पुलिस और भी सवालों के कटघरे में घिरती जा रही है। नपानि की सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार माजन मोड़ चौराहा एवं पुराना यातायात चौराहा बैढ़न में लगी 23 सोलर बैटरियां चोरी हो गई हैं। नगर निगम के द्वारा बकायदे थाना प्रभारी बैढ़न को पिछले माह 24 अप्रैल को विधिवत पत्र के माध्यम से इसकी सूचना कार्यपालन यंत्री के द्वारा की गई, लेकिन सूत्र बताते हैं कि कोतवाली पुलिस ने नगर निगम का पत्र लेने से इंकार कर दी और कहा कि उक्त पत्र को एसपी दफ्तर में दिजीए, वहां से आने के बाद ही जांच पड़ताल की जावेगी। सवाल उठाया जा रहा है कि कोतवाली पुलिस ने पत्र को क्यों नही लिया, इसके पीछे वजह क्या है, इसे तो कोतवाली पुलिस ही बताएगी। परंतु शहर में बढ़ रही चोरियां कहीं न कहीं पुलिस की नाकामी और निष्क्रियता का परिणाम माना जा रहा है। फिलहाल 12 से 15 फीट की ऊचाई पर लगी ट्रैफिक सिंग्नल की सोलर बैटरियां चोरी हो जाना, प्रबुद्धजनों के द्वारा कहीं न कहीं एक बड़ा सवाल खड़ा किया जा रहा है।

टावर वैगन के बिना नही चोरी हो सकती है बैटरियां

टावर वैगन के बिना सोलर बैटरियां चोरी नही हो सकती है। उसके पीछे का कारण यही बताया जा रहा है कि धरातल से 12 से 15 फीट की ऊचाई पर ट्रैफिक सिंग्नलों में बैटरियां लगी हुई थी। टावर वैगन सिर्फ नगर निगम के पास ही है। फिर इतनी संख्या में बैटरियां कैसे गायब हो गई। यह अपने आप में एक बड़ा प्रश्न है। इसका खुलासा तब हुआ, चार महीने से शहर की ट्रैफिक सिंग्नल बंद पड़ी हुई हैं। इसे ठीक करने के लिए पिछले माह नगर निगम का अमला ट्रैफिक सिंग्नल के ठेकेदार को लेकर पहुंचा तो खराबियों को दुरूस्त कराने लगा, तभी पता चला कि बैटरियां गायब हैं। दोनों जगह यानी माजन मोड़ और पुराना यातायात ट्रैफिक सिंग्नल को भी चेक कराया गया, वहां से भी बैटरियां चोरी थी।

पुलिस के लगे हुए हैं जगह-जगह सीसीटीव्ही कैमरे

सुरक्षा के दृष्टि से पुलिस के द्वारा शहर में जगह-जगह कैमरे लगाए गये हैं, ताकि अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाए जा सके। सवाल उठ रहा है कि सोलर जेल बैटरियां यदि चोरी हुई हैं तो, सीसीटीव्ही कैमरे के माध्यम से ही पता लगाया जा सकता है। बशर्ते कोतवाली पुलिस को सक्रिय होना पड़ेगा, अन्यथा जिस तरह से अन्य मामलों में पुलिस की किरकिरी हो रही है, इसमें भी किरकिरी होगी। हालांकि यह भी कहा जा रहा है कि पिछले दो साल के दौरान जिले की कानून व्यवस्था भगवान भरोसे रहा है, इसके पीछे एक ही कारण बताया जा रहा है। पुलिस के कथित अधिकारियों का ध्यान कहीं और है।

नगर गौरव दिवस को लेकर तैयारियां तेज, गठित हुई टीम

अधिकारियों को मिली पृथक-पृथक जिम्मेदारी

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 5 मई। जिले की स्थापना की 18वीं वर्षगांठ एवं नगर निगम के स्थापना दिवस के अवसर पर आगामी 24 मई से प्रारंभ होने वाले सिंगरौली महोत्सव एवं नगर गौरव दिवस का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित राजमाता चून कुमारी स्टेडियम बैढ़न में किया जाएगा।

कलेक्टर गौरव बैनल द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार इस आयोजन के संपूर्ण समन्वय के लिए जिपं सीईओ को नोडल अधिकारी एवं सहायक कलेक्टर सौम्या मिश्रा को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। महोत्सव के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ-साथ बॉलीवुड नाइट, स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुतियाँ और कवि सम्मेलन जैसे प्रमुख आकर्षण होंगे। इसके अतिरिक्त जिला प्रशासन द्वारा प्रदर्शनी और पेंटिंग प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर ने कार्यक्रम की सुचारू व्यवस्था के लिए पृथक-पृथक समितियों का गठन कर अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। सभी समितियों को निर्देशित किया गया है कि वे 11 मई तक अपनी विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर अनुमोदन प्राप्त करें, ताकि समय रहते समस्त तैयारियाँ पूर्ण की जा सकें।

एक नजर में

डॉ. आकाश सोनी बने फाईमा के प्रवक्ता

सरई। सरई में कार्यरत चिकित्सक डॉ. आकाश सोनी को फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन ने अपने राष्ट्रीय प्रवक्ता के रूप में प्रतिष्ठित दायित्व सौंपा है। यह केवल एक पद नहीं, बल्कि देशभर के चिकित्सकों की भावनाओं, अधिकारों और सम्मान की मुखर अभिव्यक्ति का सशक्त मंच है। डॉ. सोनी लंबे समय से चिकित्सा जगत में न केवल अपने पेशेवर कौशल के लिए, बल्कि चिकित्सकों के अधिकारों, उनकी सुरक्षा और गरिमा की निरंतर लड़ाई के लिए भी जाने जाते रहे हैं।

जनगणना रथ को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

सिंगरौली। कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी गौरव बैनल के निर्देशन में जिले में जनगणना की प्रक्रिया सुचारू रूप से प्रारंभ हो गई है। जिले में यह कार्य दो चरणों में संपन्न किया जाएगा, जिसके प्रथम चरण में 1 से 30 मई तक मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य संपादित किया जा रहा है। इसी क्रम में आम जनमानस के मध्य जनगणना के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से आज कलेक्टर कार्यालय परिसर से जिपं सीईओ जगदीश गोमे, अपर कलेक्टर पीएस त्रिपाठी एवं संयुक्त कलेक्टर व जिला जनगणना अधिकारी संजीव पाण्डेय ने विधिवत हरी झंडी दिखाकर जनगणना प्रचार रथ को रवाना किया।

नाली निर्माण बना खतरा, सड़क पर मिट्टी से बढ़ा हादसों का जोखिम

निर्माण कार्य में सुरक्षा पूरी तरह नदारद, जनता में आक्रोश

नवभारत न्यूज

सरई 5 मई। नगर परिषद क्षेत्र में चल रहे नाली निर्माण कार्य ने अब लोगों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। निर्माण स्थलों पर सुरक्षा के बुनियादी इंतजाम पूरी तरह गायब हैं। न तो कहीं बैरिकेडिंग की व्यवस्था है और न ही किसी प्रकार के चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों की जान जोखिम में पड़ रही है।

स्थिति यह है कि कई जगहों पर सड़क के बीचों-बीच मिट्टी और निर्माण सामग्री के बड़े-बड़े ढेर लगा दिए गए हैं, जिससे आवागमन बाधित हो रहा है। संकरी सड़कों पर यह अतिक्रमण और अधिक परेशानी पैदा कर रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इसी तरह की लापरवाही के कारण पहले भी छोटे-बड़े हादसे हो चुके हैं, लेकिन नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारी अब भी बेपरवाह बने हुए हैं। आक्रोशित नागरिकों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य में सुरक्षा मानकों का पालन अनिवार्य किया जाए, सड़कों से मिट्टी हटाई जाए और अवैध अतिक्रमण को तुरंत हटाया जाए। साथ ही इस गंभीर लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदारों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इधर बता दें कि स्थानीय जनता कई बार नगर परिषद के अधिकारियों को इस मामले को लेकर ध्यानाकर्षण कराया है, इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी समस्याओं को नजरअंदाज करते हैं।

सरई तहसील न्यायालय में एक माह से कामकाज ठप, कास्तकारों में बढ़ी नाराजगी

कलेक्टर की कार्रवाई भी साबित हुई बेअसर, हालात जस के तस, प्रशासन से सख्त हस्तक्षेप की मांग, कैंप लगाकर निपटारे की उठी आवाज

नवभारत न्यूज

सरई 5 मई। जिले की सरई तहसील में स्थित तहसील न्यायालय और एसडीएम कोर्ट में पिछले एक महीने से कामकाज पूरी तरह ठप पड़ा है। इस स्थिति ने हजारों ग्रामीणों को गहरे संकट में डाल दिया है, जो न्याय के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। न्यायालय परिसर में सन्नाटा पसरा है और लोगों की उम्मीदें लगातार टूटती जा रही हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि जब पुराने अधिकारी-कर्मचारी पदस्थ थे, तब भले ही काम धीमा

था, लेकिन सुनवाई होती थी, फाइलें आगे बढ़ती थीं और लोगों को न्याय मिलने की उम्मीद बनी रहती थी। लेकिन नए तहसीलदार और एसडीएम की पदस्थापना के बाद हालात पूरी तरह बिगड़ गए हैं। अब स्थिति यह है कि कोर्ट नियमित रूप से लग ही नहीं रही और पेशियों पर आने वाले लोगों को बिना सुनवाई लौटना पड़ रहा है। गौरतलब है कि जनवरी 2026 में कलेक्टर गौरव बैनल ने औचक निरीक्षण कर लापरवाही पर तत्कालीन तहसीलदार को अटैच और रीडर को निलंबित किया था, साथ ही एसडीएम को व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए थे। बावजूद इसके हालात सुधरने के बजाय और बदतर हो गए हैं। अब क्षेत्रीय लोगों ने कलेक्टर से मांग की है कि तत्काल सख्त निर्देश देकर न्यायालय की कार्यप्रणाली बहाल कराई जाए और लंबित मामलों के निराकरण के लिए विशेष कैंप आयोजित किए जाएं, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

तहसील दफ्तर में हजारों की संख्या में प्रकरण लंबित

ग्राम सरई के बुजुर्ग किसान रामदीन का कहना है कि पहले वाले साहब बैठते तो थे, 4-6 महीने में नंबर आ जाता था, लेकिन अब तो महीनों से कोर्ट ही नहीं लग रही। हर बार यही कहा जाता है कि आज सुनवाई नहीं होगी। यह नाराजगी पूरे क्षेत्र में देखने को मिल रही है। सरई तहसील में करीब 5000 से अधिक राजस्व प्रकरण वर्षों से लंबित पड़े हैं। नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन और विरासत जैसे मामलों में लोग फंसे हुए हैं। किसान अपनी खेती-किसानी छोड़कर तारीख भुगतने आते हैं, लेकिन उन्हें निराशा ही हाथ लगती है।

लापरवाही पर 3 साल की जेल और निलंबन की होगी कार्रवाई : ज्योति

जनगणना -2027 प्रगणकों का प्रशिक्षण आयोजित

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 5 मई। भारत की जनगणना के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के कार्य को गति देने के लिए प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

नगर जनगणना अधिकारी ज्योति सिंह ने जानकारी दी कि नियुक्त किए गए प्रगणकों और पर्यवेक्षकों का अनिवार्य प्रशिक्षण सत्र सफलतापूर्वक संपन्न हो चुका है, जिसमें उन्हें डेटा प्रविष्टि के तकनीकी पहलुओं, सावधानियों और मकानों के नंबर डालने की

प्रक्रिया के बारे में विस्तार से प्रशिक्षित किया गया है। श्रीमती सिंह ने स्पष्ट किया कि जनगणना अधिनियम 1948 की धाराओं के तहत ये सभी कर्मचारी लोक सेवक की श्रेणी में आते हैं और उनके लिए इस राष्ट्रीय दायित्व का निर्वहन करना विधिक रूप से अनिवार्य है। यदि कोई प्रगणक या संबंधित कर्मचारी अपने कर्तव्यों के पालन से इनकार करता है या कार्य में कोताही बरतता है, तो जनगणना अधिनियम की धारा 5 और 11 के प्रावधानों के तहत उनके विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी, जिसमें दोषी पाए जाने पर तीन वर्ष तक के कारावास और आर्थिक जुर्माने के साथ-साथ तत्काल प्रभाव से नौकरी से निलंबन भी शामिल है।

अवैध कारोबार पर मंडी प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 5 मई। सचिव कृषि उपज मण्डी समिति सिंगरौली द्वारा अवगत कराया गया है कि कलेक्टर गौरव बैनल आदेशा अनुसार एवं उपखंड अधिकारी सह भारसाधक अधिकारी सुरेश जाधव के मार्गदर्शन में मंडी प्रशासन ने अवैध कारोबारियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है।

28 अप्रैल को मंडी सचिव आईपी सिंह द्वारा मंडी क्षेत्र के अंतर्गत विंध्यनगर रोड स्थित मेसर्स प्रिंस ऑयल मिल एवं आटा चक्की के दुकान व गोदाम का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अनियमितताएं पाए जाने पर तत्काल प्रकरण तैयार कर जिला एवं सत्र न्यायालय सिंगरौली को प्रथम सूचना भेजी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित व्यापारी ने किसी भी प्रकार की अदालती कार्यवाही से बचने और समस्त बकाया कर जमा करने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। व्यापारी के इस आवेदन को स्वीकार करते हुए उपखंड अधिकारी द्वारा मंडी अधिनियम 1972 की धारा 19(4) के तहत वसूली योग्य मंडी टैक्स 30,167 रुपये जमा करने के आदेश दिए गए।

खड़ौरा-पुरवा सड़क मार्ग कीचड़ में सराबोर, पैदल चलना भी मुश्किल

बे मौसम बारिश से कच्ची सड़क की सूरत बदली, पक्की सड़क बनाने लम्बे अर्से से उठी मांग

नवभारत न्यूज

देवसर 5 मई। खड़ौरा से पुरवा जाने वाला मुख्य मार्ग इन दिनों बदहाली का शिकार बना हुआ है। बीते सोमवार की शाम हुई बे मौसम बारिश से सड़क पर अत्यधिक कीचड़ जमा होने से बाइक सवारों सहित आम राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालात ऐसे हैं कि सड़क पर केवल बड़ी गाड़ियों के टायर की दो संकरी लकीरें ही बची हैं, जिनसे होकर किसी तरह वाहन निकल पा रहे हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार यदि वाहन इन लकीरों से जरा भी फिसल जाए, तो सड़क में फंसने का खतरा बना रहता है। खासकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह मार्ग बेहद जोखिम भरा हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि हल्की बारिश में ही सड़क की यह स्थिति विकास कार्यों की पोल खोल रही है। वहीं रोजमर्रा की आवाजाही भी बुरी तरह प्रभावित हो गई है। बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को आवागमन में खास दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं सड़क की खराब स्थिति के चलते किसी भी समय बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है। फिसलन और कीचड़ के कारण वाहन चालक संतुलन खो सकते हैं। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क की तत्काल मरम्मत कराई जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके और भविष्य में किसी भी अप्रिय घटना से बचाव हो सके।

सिंगरौली विधायक ने घायल राजीव सोनी से की मुलाकात

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 5 मई। बीते दिनों चितरंगी क्षेत्र के नौगई पहाड़ी पर हुए ऑटो दुर्घटना में घायल राजीव सोनी से सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह ने कार्यालय बिलौंजी में मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना।

इस दौरान उनके स्वास्थ्य की जानकारी लेते हुए शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की गई। मुलाकात के दौरान दुर्घटना के बाद इलाज और स्वास्थ्य लाभ की स्थिति पर विस्तार से चर्चा हुई तथा हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया गया। बताया गया कि नौगई पहाड़ी पर हुई ऑटो दुर्घटना में कई

लोग प्रभावित हुए थे, जिसमें राजीव सोनी को गंभीर चोटें आई थीं। उपचार के बाद अब उनकी हालत में सुधार बताया जा रहा है। विधायक कार्यालय में हुई इस आत्मीय मुलाकात के दौरान उपस्थित लोगों ने उनके बेहतर स्वास्थ्य और जल्द स्वस्थ होकर सामान्य जीवन में लौटने की कामना की। इस अवसर पर सिंगरौली विधायक रामनिवास साह ने कहा कि दुख और विपरीत परिस्थितियों में एक-दूसरे का संबल बनना समाज की सबसे बड़ी ताकत है।

वार्ड आया ने कलेक्टर से लगाई न्याय की गुहार

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 5 मई। जिला मुख्यालय बैढ़न स्थित ट्रामा सेंटर अस्पताल में वार्ड आया के पद पर कार्यरत रितु राय ने तीन माह का वेतन न मिलने और अचानक नौकरी से हटाए जाने का आरोप लगाते हुए कलेक्टर से न्याय की गुहार लगाई है।

कलेक्टर को सौंपे आवेदन में रितु राय ने बताया कि वह वर्ष 2021 से ट्रामा सेंटर बैढ़न में वार्ड आया के रूप में कार्यरत थीं और प्रतिमाह 9 हजार रुपये मानदेय प्राप्त करती थीं। उनका आरोप है कि पिछले तीन माह से उन्हें वेतन नहीं दिया गया। वेतन मांगने पर जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा टालमटोल किया जाता रहा। पीड़िता ने आवेदन में

उल्लेख किया है कि 29 अप्रैल को जब वह रोज की तरह ड्यूटी पर पहुंचीं तो मैट्रन उर्मिला जायसवाल एवं सिविल सर्जन डॉ. कल्पना रवि द्वारा उन्हें कार्य करने से रोक दिया गया तथा 30 अप्रैल से अस्पताल आने से मना कर दिया गया। प्रार्थिया ने बकाया वेतन दिलाने और पुन: कार्य पर रखने की मांग की है।

अजंता राधा ओबी कंपनी के खिलाफ 8 गांवों के ग्रामीण लामबंद

स्थानीय लोगों को रोजगार न देने एवं विस्थापितों को वाहन चालक चयन में सुनियोजित तरीके से फेल करने का आरोप, 15 से बेमियादी हड़ताल

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 5 मई। एनसीएल परियोजना ब्लॉक-बी के अजंता राधा ओबी कंपनी प्रबंधन के अड़ियल रवैया के खिलाफ विस्थापित 8 गांवों के प्रभावित ग्रामीणों ने लामबंद होकर मोर्चा खोल दिया है।

आज एक सैकड़ा से अधिक ग्रामीण रोजगार समेत अन्य समस्या को लेकर कलेक्ट्रोरेट एवं एसपी दफ्तर पहुंच पॉच सूत्रीय मांग पत्रों का ज्ञापन सौप कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया है। आज मंगलवार को एक सैकड़ा से

अधिक ब्लॉक-बी परियोजना से प्रभावित ग्रामीणों ने कलेक्ट्रोरेट एवं एसपी दफ्तर पहुंच बताया कि करीब छ: माह से अजंता राधा ओबी कंपनी की अड़ियल रवैया के चलते आये दिन कोई न कोई हड़ताल कर रहा है और इससे कार्य बाधित भी हो रहा है। कंपनी के द्वारा लगातार यही आश्वासन दिया जा रहा था कि सभी को रोजगार दिया जाएगा।

छ: महीने तक सब कुछ लोग देखते रहे, लेकिन अब कंपनी की हिटलरशाही रवैया बर्दास्त से परे है। जबकि इसके पहले कई बार जिलाधिकारियों, कंपनी एवं पुलिस के बीच विस्थापितो के साथ बैठके भी हो चुकी हैं, परंतु नतीजा कुछ भी नही निकला। यहां तक कि कुशल ड्राइवर, टीपर , एलएमबी, टैंकर, टैक्नीशियन, वेल्डर हैं, उनको जानबुझकर फेल कर रोजगार से वंचित किया जा रहा है और बाहरी लोगों को रोजगार दिया जा रहा है। सत्र तो यहां तक बता रहे हैं कि जिले के कथित अधिकारी भी अधिकांश ओबी कंपनियों में अपने चहेतो को रखने के लिए लम्बी संख्या में सूची भी सौप रहे हैं।

विस्थापित ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि जिला प्रशासन एवं एनसीएल प्रबंधन के निर्देशों का ओबी कंपनी पालन नही कर रही है। आरोप में यह भी लगाया है कि कंपनी प्रबंधन का कहना है कि तहसीलदार एवं महाप्रबंधक एनसीएल ब्लॉक-बी ने भी रोजगार के लिए लोगों का चयन किया है। इसमें भी बड़ा झोल है। उक्त चयन सूची का सत्यापन कराने की मांग की है और यदि मांगों पर विचार नही हुआ तो, 15 अप्रैल से एनसीएल ब्लॉक-बी एवं अजंता राधा कंपनी दफ्तर के सामने बेमियादी धरना प्रदर्शन करते हुये हड़ताल कर कार्य को पूरी तरह से बंद कराया जाएगा।